This question paper contains **2** printed pages]

AN—02—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

हिंदी

Paper I

(प्राचीन एवं मध्यकालीन कविता, भाग—I)

(Monday, 22-4-2019) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) भगति भजन हरि नाँव है, दूजा दुक्ख अपार
मनसा बाचा कर्मनां, कबीर सुमिरण सार
च्यंता तो हरि नाँव की, और न चिंता दास
जे कुछ चितवें राम बिन, सोइ काल की पास। 10

अथवा

सैसव जौवन दरसन भेल
दुहु दल-बले दंद परि गेल
कबहु बाँधय कच कबहु बिथारि
कबहु झाँपय अँग कबहु उधारि

(ब) सरवर तीर पदमिनी आई। खोंपा छेरि केस मुकलाई।
ससिमुख, अंग मलयगिरि बासा। नागिन झाँपि लीन्ह चहुँ पासा॥
ओनई घटा परि जग छाहाँ। ससि कै सरन लीन्ह जनु राहाँ।
छपि गै दिनहिं भानु कै दसा। लेइ निसि नखत चाँद परगसा॥ 10

अथवा

हरिन इन्दु अरबिन्द करिनी हेम
पिक बूझल अनुमानी
नयन बदन परिमल गति तन रुचि
अओ अति सुललित बानी

P.T.O.

89E5630FA27A9C96C1696EF2AED4FDB5

2. कबीर के गुरु संबधी विचारों को स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

जायसी ने नागमती की विरह व्यथा का वर्णन बारहमासा पद्धति के आधार पर किया है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) कबीर के माया संबधी विचार।

अथवा

विद्यापति की भक्ति-भावना। 10

(ब) पद्मावती का रूप सौंदर्य।

अथवा

कुसंगति कौ अंग। 10

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(1) सिद्ध साहित्य में सरहपाद का स्थान निर्धारित कीजिए।

(2) चंदबरदाई का जीवन-परिचय लिखिए।

(3) मीराबाई के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(4) नंददास का साहित्यिक परिचय दीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में दीजिए : 5

(1) पृथ्वीराज रासो ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं ?

(2) मीराबाई के पिता का नाम क्या था ?

(3) 'रासपंचाध्यायी' किसकी रचना है ?

(4) रैदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(5) हिंदी का पहला कवि किसे माना जाता है ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(1) दोहाकोश के रचयिता कवि .... हैं।

(2) चंदबरदाई .... के दरबारी कवि थे।

(3) अष्टछाप के कवि .... हैं।

(4) रैदास .... के शिष्य थे।

(5) मीराबाई के आराध्य .... थे।

89E5630FA27A9C96C1696EF2AED4FDB5